**कार्यवाही** मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के 23 जुआंरी धराए, पुलिस अधीक्ष की स्पेशल टीम ने की कार्यवाही

# जुआं फड़ से 3 लाख रूपए पुलिस ने किए जब्त

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 13 मार्च, एसपी की स्पेशल टीम ने कारोबोह के समीप चल रहे जुआ फड़ पर दबिश दी है। इस दौरान पुलिस ने तकरीबन दो दर्जन जुआरियों को धर दबोचा है। जिमसें महाराष्ट्र के 10 और छिंदवाड़ा-बैतूल के 13 जुआरी शामिल है। पुलिस टीम ने जुआरियों से 3 लाख रूपए से अधिक नगद, ताश की गड्डियां और कारें जब्त की है। पुलिस ने आरोपियों का जुलूस निकाला। इसके बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।**

जानकारी अनुसार एसपी अजय पांडे को मुखबिर से सूचना मिली कि काराबोह रिंगरोड बायपास के समीप जुआ फड़ संचालित किया जा रहा है। जिसमें लाखों रूपए के दांव लगा रहे है। सूचना के बाद एसपी के निर्देशन में डीएसपी ललित बैरागी ने थाना देहात और कोतवाली की संयुक्त टीम बनाकर फड़ पर दबिश देने आदेश दिया गया। पुलिस टीम ने दरमियान रात जुआ फड़ पर चारों ओर घेराबंदी कर 23 जुआरियों को दबोच लिया। जुआरियों के कब्जे से कुल नगदी 3 लाख 10 हजार 300 रुपये, ताश के 52 पत्ते, 23 नग मोबाईल एवं 05 नग कार जब्त की गई है। सभी जुआरियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर सख्त वैधानिक कार्यवाही की गई। इस पूरे मामले में डी.एस.पी. ललित बैरागी, निरी. जी.एस. राजपूत, आशीष धुर्वे, उनि दुर्गेश तिवारी, महेश अहिरवार, हर्ष नागले, नारायण बघेल, सउनि राजेश रघुवंशी, संदीप राजपूत, प्र.आर. टीकाराम, युवराज, आर. सौरभ, शेरसिंह रघुवंशी, सूरज, पन्नालाल, उमेश, तरुण, ब्रजेश, कपिल, युवराज रघुवंशी, प्रवीण, सागर, चा.आर. सीताराम, चा.प्र.आर. रवि पवार, सायबर सेल आर. राहुल डोंगरे की मुख्य भूमिका रही।

### महाराष्ट्र के ये जुआंरी धराए

पुलिस ने जुआं खेलते रतनाकर पिता संतोष ताकडे उम्र 56 साल निवासी वार्ड नं. नरखेड थाना नरखेड जि. नागपुर महाराष्ट्र , राजू पिता दिनकर गोहे उम्र 40 साल निवासी वार्ड क्रमांक 02 गलपुरा कोटोल थाना काटोल जिला नागपुर , शेखसिराज गफूर पिता शेख गफूर उम्र 35 साल निवासी नरखडे थाना नरखेड जिला नागपुर महाराष्ट्र ,अजय पिता राजाराम तिवारी उम्र 54 साल निवासी वार्ड नं. 13 नरखेड थाना नरखेड जिला नागपुर महाराष्ट्र, आकाश पिता महावीर चौहान उम्र 30 साल निवासी बेलोना थाना नरखेड जिला नागपुर , शुभम पिता प्रकाश तायवडे उम्र 27 साल निवासी बेलोना थाना नरखेड जिला नागपुर महाराष्ट्र, अंकुश पिता नन्दलाल पाटिल उम्र 35 साल निवासी वार्ड नं.13 नरखेड थाना नरखेड जिला नागपुर महाराष्ट्र, गौरव पिता राजू मोण्डे उम्र 22 साल निवासी मोदी दलवी थाना नरखेड जिला नागपुर महाराष्ट्र, कुनाल पिता कमलाकर बरोडे उम्र 22 साल निवासी नरखेड बेलोरा थाना नरखेड जिला नागपुर महाराष्ट्र, अंकुश पिता लक्ष्मण मोहोट उम्र 38 साल निवासी आदर्श नगर थाना वरुण जिला अमरावती महाराष्ट्र को पकड़ा।

### छिंदवाड़ा और बैतूल के ये जुआंरी धराए

पुलिस ने जुआं खेलते दानेश पिता शेख नब्बू उम्र 24 साल निवासी शुकलू ढाना थाना कुण्डीपुरा (छिन्दवाडा), अम्बर पिता विनोद कुमार साहू उम्र 35 साल निवासी पुराना छापा खाना वार्ड नं. 29 थाना कोतवाली , शहवास खाना पिता शमशेर खान उम्र 45 साल निवासी न्यूटन थाना परासिया (छिन्दवाडा) , पंकज पिता पोनु कुमरे उम्र 30 साल निवासी पोआमा थाना देहात (छिन्दवाडा), अनिकेत साहू पिता निर्मल साहू उम्र 25 साल निवासी पुराना कुण्डीपुरा थाना के पीछे छिन्दवाडा, अभिषेक उर्फ अन्नु यादव पिता वीरेन्द्र यादव उम्र 22 साल निवासी सागरपेशा छिन्दवाडा , अक्षय पिता सुरेन्द्र मालवी उम्र 28 साल निवासी पतालेश्वर थाना कुण्डीपुरा जिला छिन्दवाडा , तनवीर शाह पिता इब्राईम शाह उम्र 38 साल निवासी पुराना बैल बाजार थाना कोतवाली छिन्दवाडा , हीरालाल बाथरे पिता सुन्दरलाल बाथरे उम्र 44 साल निवासी एसएएफ कालोनी फोकट नगर छिन्दवाडा , देशराज उर्फ देवा धानुक पिता छोटेलाल धानुक उम्र 36 साल निवासी चन्दनगाँव छिन्दवाडा , शेख साजिद पिता शेख आबीद उम्र 35 साल निवासी नया बैलबाजार थाना कोतवाली (छिन्दवाडा) , नीरज पिता कन्हैया बुनकर उम्र 34 साल निवासी ढीमराढाना थाना देहात (छिन्दवाडा), सुभाष पिता चिन्तया हनोते उम्र 48 साल निवासी इटारसी रोड बैतूल पटेल वार्ड थाना गंज बैतूल को पकड़ा।

# जुन्नारदेव में भीषण जल संकट : बुझेगी नगर की प्यास!

## नपा अध्यक्ष और सांसद की सक्रियता से जगी उम्मीद

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 13 मार्च, नगर में गहराते पेयजल संकट को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधि युद्ध स्तर पर सक्रिय हो गए हैं।**

नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव के अध्यक्ष रमेश सालोडे ने क्षेत्र की जनता को इस भीषण समस्या से निजात दिलाने के लिए मोर्चा संभाल लिया है। उन्होंने न केवल मध्य प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट से सीधा संवाद किया, बल्कि छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू को भी वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

### सांसद का मिला मजबूत साथ, मंत्री ने दिया आश्वासन

इस गंभीर समस्या को लेकर छिंदवाड़ा सांसद को भी पत्र और कॉल के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी गई। सांसद महोदय ने मामले की संवेदनशीलता को समझते हुए तत्काल जल संसाधन मंत्री को अपनी ओर से भी पत्र जारी कर समस्या के शीघ्र निराकरण का आग्रह किया।

### मंधान डेम पाइपलाइनः राहत का एक विकल्प

नगर पालिका अध्यक्ष ने जल संसाधन मंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराया कि पेंच नदी और स्थानीय डेम जैसे मुख्य जल स्रोत पूरी तरह सूख चुके हैं। वर्तमान में टैंकरों के माध्यम से पूर्ण जलापूर्ति कर पाना संभव नहीं हो पा रहा है। रमेश सालोडे ने मंत्री के समक्ष प्रस्ताव रखा है कि सुकरी मार्ग से होकर गुजरने वाली मंधान डेम की पाइपलाइन से यदि ग्रीष्मकाल के दौरान अस्थाई तौर पर जलापूर्ति सुनिश्चित की जाती है, तो यह नगर के लिए जीवनदायिनी साबित होगी।

### प्रमुख घटनाक्रम

- **मंत्री से सीधा संवाद :** नपा अध्यक्ष ने मंत्री तुलसी सिलावट जी से फोन पर चर्चा कर नगर की विकट स्थिति बताई।
- **सांसद की पहल :** सांसद जी ने मंत्री जी को पत्र लिखकर इस योजना को जनहित में जल्द लागू करने पर जोर दिया।
- **सकारात्मक रुख :** मंत्री जी ने दोनों जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया है कि जुन्नारदेव की प्यास बुझाने के लिए मंधान डेम पाइपलाइन का विकल्प तकनीकी रूप से जांच कर जल्द शुरू किया जाएगा।

### जनता में जगी नई उम्मीद

भीषण गर्मी और सूखते जल स्रोतों के बीच जनप्रतिनिधियों के इस सामूहिक प्रयास से जुन्नारदेव की जनता में राहत की लहर है। नपा अध्यक्ष रमेश सालोडे ने स्पष्ट किया कि इस संकट की घड़ी में यदि शासन से सहयोग मिलता है, तो नगर की परिषद और आम जनता सदैव आभारी रहेगी।

### इनका कहना है

नगर की जनता को पानी के लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा। हमने माननीय मंत्री जी और सांसद जी के समक्ष प्रभावी ढंग से अपनी बात रखी है और हमें पूर्ण विश्वास है कि जल्द ही मंधान डेम का पानी जुन्नारदेव के घरों तक पहुँचेगा।
**रमेश सालोडे, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव**

# आग की लपटों सी चुभ रही सूर्य की तपिश, सितम ढा रही तेज गर्मी

## मार्च महीने में ही तेज गर्मी से हालत होने लगी पतली, चलने लगे कूलर

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 13 मार्च, इस वर्ष गर्मी का मौसम कुछ ज्यादा ही गर्म दिखाई दे रहा है। अभी मार्च माह का पहला सप्ताह भी नहीं बीता और सूर्य की तपिश इस कदर बढ़ गई है कि लोग कुछ देर धूप में खड़े होने पर पसीना पसीना हो जाते हैं। आगामी समय में गर्मी और कितना उग्र रूप लेगी यह सोचकर हो हालत पतली हो जाती है।**

अमूमन तेज चिलचिलाती गर्मी मई और जून माह में होती है लेकिन इस बार मार्च महीने में भी गर्मी के मौसम से हाल बेहाल होने लगे हैं। दिनों दिन गमों का सितम बढ़ता हो जा रहा है। दोपहर होते होते गर्म हवा के थपेड़े शरीर को बेध रहे हैं। मौसम का अभी तल्ख तेवर देख आशंका जताई जा रही है आने वाला समय खास मुश्किल भरा हो सकता है। चिलचिलाती गर्मी ने लोगों को बेहाल करके रख दिया है। सूर्य देवता आग उगल रहे है। पंखे में रात काटना मुश्किल हो गया है। गर्मी के साथ ही एसी, कुलर की मांग बढ़ने लगी है।गर्म हवाओं के चलने से तापमान बढ़ने लगा है। सुचह 10 बजे के बाद से ही तेज धूप चुभने लगती हैं। 12 बजे के बाद धूप की तपिश काफी बढ़ जाती है। भले ही उमस भरी गर्मी अभी शुरू नहीं हुई है, फिर भी छांव में बैठने पर भी तपिश महसूस की जा रही थी। भीषण गर्मी तो अभी आगामी समय में जाने वाली है लोगों को अभी करीब तीन महीने तक गर्मी से छुटकारा मिलने के आसार नहीं दिख रहे है। तेज धूप और उसम के कारण लोग अपने घरों में कैद रहते हैं। रोजमर्रा से कार्य के लिए निकलने वाले लोग घरों से छतरी व गमछा बांधकर निकालते हैं। गर्मी के कारण लोग बुरी तरह से बेहाल हैं। बिजली कटौती से भी लोग परेशान नजर आ रहे हैं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार मौसम की मार अभी और बढ़ सकती है..

### जलस्तर में भी गिरावट जारी

इस साल समय से पहले ही भीषण गर्मी होने के चलते लोग बेहाल होने लगे हैं। वहीं बिजली, पानी की किल्लत भी लोगों को परेशान किए है। कई इलाकों में हैंडपंप जवाब देने लगे हैं। कई ग्रामों के लोग पीने के पानी के लिए सार्वजनिक हैंडपंपों पर ही आश्रित हैं ।यहा तक कि स्कूलों में पानी संकट छाने से बच्चे पीने के पानी को लेकर बेहद परेशान है ।बच्चे घरो से बोतल पानी लेकर आ रहे है गर्म हवाओं ने लोगों का सड़कों पर निकालना मुश्किल कर दिया है।

### खानपान पर रखें संयम

गर्मी में खानपान को लेकर विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। शरीर से अत्यधिक मात्रा में पसीना निकालने से जहा डीहाइड्रेशन की समस्या परेशान करती है, वहीं गंदगी भी कई बीमारियों की वजह बनती है। ऐसे में खाने-पीने का खास खयाल रखा जाए तो शरीर कमजोर होने और बीमारी की आशका काफी कम हो जाती है। दूसरी तरफ खाने-पीने में लापरवाही और कुछ अन्य जरूरी बातों का ध्यान न रखने पर मुश्किले बढ़ सकती हैं। इस मौसम में शरीर में पानी का स्तर ठीक रखना बेहद जरूरी है।

### जहर सेवन से युवक की मौत

**छिंदवाड़ा।** लावाघोघरी थाना क्षेत्र के बेलखेड़ा गांव के रहने वाले युवक की जहर सेवन के बाद मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार मानकाराम पिता ताजीराम इनवाती उम्र 52 साल बेलखेड़ा का रहने वाला है। उसने अज्ञात कारणों के चलते जहर का सेवन कर लिया था। जिसके बाद उसे उल्टियां होने लगी। परिजनों ने उल्टियां होते देख उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

# लावाघोघरी, मैनीखापा समेत अन्य क्षेत्र में बिना डिग्री हो रहा इलाज

**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 13 मार्च, लावाघोघरी,मैनीखापा, हीरावाड़ी क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों का अवैध कारोबार इस कदर फैल चुका है कि अब यह एक संगठित नेटवर्क का रूप ले चुका है। सूत्रों के अनुसार बिना पंजीकरण, बिना मान्यता प्राप्त डिग्री और बिना किसी वैधानिक अनुमति के तथाकथित बंगाली डॉक्टर गांव- गांव अवैध क्लीनिक संचालित कर रहे हैं, जबकि जिम्मेदार विभागों की भूमिका सवालों के घेरे में है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार ये फर्जी चिकित्सक बेखौफ होकर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। न तो इनके पास मेडिकल काउंसिल का पंजीयन है और न ही किसी प्रकार की चिकित्सकीय योग्यता, इसके बावजूद ये झोलाछाप डॉक्टर इंजेक्शन, सलाइन, तेज एंटीबायोटिक और दर्द निवारक दवाइयों का खुलेआम उपयोग कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों की जान लगातार खतरे में बनी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जाने वाली जांच केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। जांच की भनक लगते ही ये झोलाछाप डॉक्टर अपने क्लीनिक कुछ समय के लिए बंद कर देते हैं और जांच समाप्त होते ही दोबारा पहले की तरह संचालन शुरू कर देते हैं। यही कारण है कि वर्षों से यह अवैध कारोबार बिना किसी भय के फल-फूल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गलत इलाज के कारण कई बार मरीजों की हालत गंभीर हो चुकी है। कई मामलों में मरीजों को समय रहते जिला अस्पताल रेफर करना पड़ा, जिससे उनकी जान तो बच गई, लेकिन अब तक न तो किसी झोलाछाप डॉक्टर पर ठोस कार्रवाई नही हो पायी है।

# एक साथ दो महीनों का मिल रहा राशन

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 13 मार्च, जिला आपूर्ति अधिकारी छिंदवाड़ा ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एन.एफ. एस.ए) अंतर्गत सभी पात्र परिवारों को शासन द्वारा मार्च एवं अप्रैल माह की राशन सामग्री एकसाथ वितरित कराई जा रही है।**

इसके लिए हितग्राही को उचित मूल्य दुकानों पर लगाई गई पीओएस मशीन से एक बार मार्च माह के लिए तथा दूसरी बार अप्रैल माह के लिए, इस प्रकार कुल 02 बार मशीन पर अपना अंगूठा लगाकर बॉयोमेट्रिक सत्यापन करना होगा। उन्होंने बताया कि 02 बार अंगूठा लगाने के बाद उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा हितग्राही को दोनों माहों की राशन सामग्री एकसाथ दी जाएगी। जिला आपूर्ति अधिकारी छिंदवाड़ा ने एन.एफ. एस.ए अंतर्गत जिले के सभी पात्र परिवारों से अपील की है कि वे उचित मूल्य दुकान से दो बार बॉयोमेट्रिक सत्यापन (अंगूठा लगाकर) कर अपनी मार्च एवं अप्रैल दोनों माह की पात्रतानुसार राशन सामग्री प्राप्त करें तथा मशीन से निकाली गई 02 पावती भी अवश्य लें।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**छिंदवाड़ा।** उमरेठ थाना क्षेत्र के खुमरिया माल के रहने वाले बुजुर्ग ने सड़क हादसे में दम तोड़ दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि वह वैवाहिक कार्यक्रम में आया हुआ था। जानकारी अनुसार रतिराम पिता सुक्कू बघेल उम्र 55 साल खुमरियामाल का रहने वाला है। वह सुबह बाइक से चारगांव कर्बल सगाई कार्यक्रम में गया हुआ था। कार्यक्रम करने के बाद वह अपने घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान बदनूर के समीप सामने से आ रहे अज्ञात वाहन उसको टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर लोगों का जमावड़ा लग गया। सूचना पर पहुंची 108 उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारियों के दल का गठन

## घरेलू एलपीजी की नियमित आपूर्ति में रखेंगे निगरानी

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 13 मार्च, आयुक्त खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा अवगत कराया गया है कि ऑयल कम्पनियों द्वारा वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति के कारण आयात में हुई रुकावट को देखते हुये पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एलपीजी की आपूर्ति और विपणन केवल घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को किया जाये, जिससे घरेलू परिवारों को नियमित रूप से एलपीजी की सप्लाई बाधित ना हो। इन निर्देशों के परिपालन में एलपीजी की कालाबाजारी और अफरा-तफरी को रोकने के लिये कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा छिंदवाड़ा जिले के सभी विकासखण्डों में नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करने हुए दल का गठन किया गया है।**

जिले के सभी विकासखंडों में संबंधित एसडीएम को नोडल अधिकारी तथा संबंधित तहसीलदार/प्रभारी तहसीलदार एवं सहायक/कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इन अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में संचालित गैस एजेंसियों तथा ग्रामीण वितरकों की गतिविधियों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं।कलेक्टर श्री नारायन के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं एवं चिकित्सालय तथा शैक्षणिक संस्थाओं को नियमानुसार नियमित रूप से एलपीजी की सप्लाई सुनिश्चित करेंगे। साथ ही वाणिज्यिक एवं घरेलू सिलेंडर के स्टॉक की समीक्षा करेंगे तथा वितरक स्तर पर एलपीजी सिलेण्डर की कोई जमाखोरी और कालाबाजारी ना हो, इस पर निगरानी रखेंगे।

**पहल** वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विधायक ने दी सहयोग राशि

# खिलाड़ियों को आगे बढ़ावा देना मेरा उद्देश्य : विधायक शाह

**नवभारत न्यूज**
**धनोरा (जागीर), 13 मार्च, शरीर के लिए व्यायाम जरूरी है जिससे सिर्फ शरीर ही नहीं बल्कि मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए भी खेल अत्यंत जरूरी है तरह तरह के खेल खेल प्रमियों के द्वारा खेला जाता है टहटोरी में बॉलीवॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टहटोरी में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में क्षेत्रीय विधायक कमलेश प्रताप शाह ने खिलाड़ियों और आयोजन समिति को सहयोग राशि प्रदान की।**

विधायक शाह ने अपने संदेश में खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन और आपसी एकता बनाए रखने का संदेश दिया तथा ग्रामीण क्षेत्रों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की आवश्यक जोर दिया अपने संदेश में श्री विधायक द्वारा ने खिलाड़ियों को आगे बढ़ावा देना मेरा उद्देश्य है कहा

विधायक द्वारा दी गई सहयोग राशि विधायक प्रतिनिधि सुनील नेमा, एससी-एसटी जिला मॉनिटरिंग समिति सदस्य मुकेश सूर्यवंशी तथा ग्राम टहटोरी के सरपंच रहमान शाह उईके के माध्यम से 10000 दस हजार रु की राशि आयोजन समिति को प्रदान की गई। इस अवसर पर क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें प्रमेश बंटी सोनी धनोरा, गंगा प्रसाद धुर्वे, खेमचंद उईके, फागन शाह मरकाम, रामप्रसाद भलावी, विजयपाल इनवाती, सरपंच शिवलाल नवरेती, भाजपा नेता पंकज धुर्वे, शिवनारायण कोड़ाप (जनपद सदस्य झिरना), जयपाल शाह, सरपंच प्रेम शाह भलावी, संतलाल भलावी, रूपचंद धुर्वे, अशोक कुमार डेहरिया एवं विपत शाह धुर्वे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।ज्ञात हो विधायक कमलेश शाह समय समय सभी प्रकार के आयोजनों में पहुंच रहे है और जरूरत मंदों की मदद करने हमेशा तत्पर है ।

ग्रामीणों और खेल प्रेमियों ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर खुशी व्यक्त करते हुए विधायक कमलेश प्रताप शाह का आभार व्यक्त किया।


मानवता हॉस्पिटल
समर्पित सेवा भाव
मल्टीस्पेशिलिटी

डॉ. बबीता ठाकुर
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।

डॉ. आशुतोष सिन्हा
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन (कंसल्टेंट फिजिशियन)

उपलब्ध सुविधाएं :– आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध। 24/7 EMERGENCY SERVICES

पताः-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766

आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी

हमें आवश्यकता है....
रिक्त पदः-

| नर्सिंग स्टाफ - 10 | ड्यूटी डॉक्टर - 5 | रिसेप्शनिस्ट - 4 | टेली कॉलर - 2 | हाउसकिपिंग स्टाफ - 4 | सुरक्षा गार्ड - पुरुष |
|---|---|---|---|---|---|
| -: योग्यता:- B.Sc/M.Sc Nursing/GNM) | -: योग्यता:- MBBS/BAMS/ BHMS | -: योग्यता:- Graduation+Computer | -: योग्यता:- Graduation | (पुरुष (2) महिला (2) | -: योग्यता:- ऊंचाई-5*7, वजन-60+, 12वीं पास |

प्राथमिकता एक्सपियरेंस केंडिडेट्स को दी जाएगी (कम से कम 2 वर्ष)

संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)
इंटरव्यू-1-4 PM आपका सीवी एंड रिज्यूम इस नंबर पर भेंज- 6262640426, शॉर्टलिस्टेड केंडिडेट्स को इंटरव्यू के लिए कॉल की जाएगी।



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677, 235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589